
# Page Three

## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


## न्यूज डायरी

### कैम्ब्रिज इंटरनेशनल परीक्षा में भारतीय छात्रों को 244 अवार्ड मिले


**(संवाददाता)** देहरादून। कैम्ब्रिज इंटरनेशनल ने भारतीय छात्रों को 244 उत्कृष्ट कैम्ब्रिज लर्नर अवार्ड प्रदान किया। वैश्विक स्तबर पर दिये जाने वाला यह अवार्ड अग्रणी विश्वविद्यालयों और नियोक्ताओं द्वारा दुनिया भर में मान्यता प्राप्त योग्यता में 40 से अधिक देशों के उच्चतम प्रदर्शन करने वाले छात्रों को दिया गया है। हर साल लगभग दस लाख छात्र दुनिया भर में कैम्ब्रिज इंटरनेशनल द्वारा आयोजित पाठ्यक्रम का अध्ययन करते हैं, जो 160 से अधिक वर्षों से अंतरराष्ट्रीय परीक्षाएं आयोजित करता है। कुल मिलाकर, भारत के 207 छात्रों ने 2018–19 में अपने असाधारण प्रदर्शन के लिए प्रतिष्ठित कैंब्रिज लर्नर अवार्ड्स प्राप्त किया। अवार्ड को चार श्रेणियों में दिया जाता है –टॉप इन द वर्ल्ड, टॉप इन द कंट्री, हाइएस्टे अचीवमेंट अवार्डश् और बेस्ट अक्रॉस।

### एडीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ जनता मिलन कार्यक्रम

**(संवाददाता)** अल्मोड़ा। अपर जिलाधिकारी बीएल फिरमाल की अध्यक्षता में आज जनता मिलन कार्यक्रम कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया। इस दौरान कुल 09 शिकायतें, समस्यायें फरियादियों द्वारा दर्ज की गयी। अपर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों के समक्ष बारी–बारी से जन सुनवाई करते हुए समस्याओं का निस्तारण एक सप्ताह के भीतर करने के निर्देश दिये। जनता मिलन कार्यक्रम के दौरान अधिकांश शिकायतें पेयजल, लोक निर्माण विभाग, विद्युत आदि विभागों से सम्बन्धित थी। इस दौरान तल्ला जोशीखोला रिंग रोड में पानी की आपूर्ति सुचारू किये जाने की शिकायत पर उन्होंने अधिशासी अभियन्ता जल संस्थान को पानी की आपूर्ति सुचारू करवाने के निर्देश दिये।

### जनता मिलन कार्यक्रम 30 शिकायतें दर्ज, ज्यादातर का मौके पर हुआ निस्तरण

**संवाददाता** हरिद्वार। केकेमिश्रा अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में रोशनाबाद स्थित कलैक्ट्रेट सभागार में प्रत्येक सोमवार को लगने वाले जनता मिलन आयोजित किया गया। जनता मिलन मे अधिकतर समस्याएं आर्थिक सहायता, मकान दिलाने, चकबन्दी, चकरोड, बिजली मुआवजा, पैमाइश, थानों की शिकायत आदि से संबंधित रही। जनता मिलन में कुल 30 समस्याओं के आवेदन प्राप्त हुये जिनमें से अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण करते हुये शेष समस्याओं को संबंधित अधिकारियों को प्रेषण किया गया। अपर जिलाधिकरी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो भी आवेदन अधिकारियो को दिये गये है उनका निस्तारण प्राथमिकता एवं समय से करें।



निर्माणाधीन सूर्यधार झील का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री।

## सीएम ने निर्माणाधीन सूर्यधार झील का आकस्मिक निरीक्षण किया

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने निर्माणाधीन सूर्यधार झील का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को काम में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि गुणवत्ता का खास ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर हाल में निर्धारित अवधि में सूर्यधार झील का काम पूरा कर लिया जाए। डोईवाला विकासखण्ड के 29 गांवों को पीने व सिंचाई के लिए ग्रेविटी आधारित जलापूर्ति होगी। परियोजना की लागत 50 करोङ रूपए आंकलित की गई है पर सम्भावना है कि लगभग 30 करोड़ रूपए में परियोजना पूरी हो जाएगी। इसकी डिजाईन इस तरह की है कि इसमें सिल्ट की समस्या नहीं आएगी। क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियाँ बढने से रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

# जिला पंचायत की आय को बढ़ाने के लिये सामूहिक प्रयास करने होंगे

## पंचायत के कार्यों में बढ़ चढ कर भागीदारी करनी होगीः उमा सिंह

**बैठक**

**संवाददाता**

अल्मोड़ा। पर्वतीय क्षेत्र से पलायन रोकने के लिये जिला पंचायत की परिसम्पत्तियों के रख–रखाव के साथ–साथ हमें उसकी आय को बढाने के लिये सामूहिक प्रयास करने होंगे। यह बात जिला पंचायत अध्यक्ष उमा सिंह ने आज जिला पंचायत सभागार में जिला पंचायत की परिचायात्मक की प्रथम बैठक कही। उन्होंने कहा कि हमें जल संरक्षण एवं जल सर्वद्धन के कार्यों के साथ–साथ विकास कार्यों के लिये दलगत राजनीति से ऊपर उठकर कार्य करना होगा। उन्होंने सभी नवनिर्वार्चित सदस्यों से कहा कि वे अपने क्षेत्र की समस्याओं के प्रति सजग रहते हुये कार्य करेगे तभी समस्याओं के निदान में हमें सफलता मिलेंगी। इस अवसर पर प्रभारी जिलाधिकारी मनुज गोयल ने कहा कि जिला प्रशासन पंचायत के कार्यों के प्रति हमेशा सजग रहता है और आगे भी हम पूर्ण सजगता के साथ हमें टीम भावना से कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि इस जिला पंचायत के सदन में अधिकतर युवा जनप्रतिनिधि चयनित होकर आये है इसलिये युवाओं को एक नई सोच के साथ पंचायत के कार्यों में बढ़ चढ कर भागीदारी करनी होगी। प्रभारी जिलाधिकारी ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ आम जनता को दिलाये। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे अपने–अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं की एक बुकलेट बना लें जिसमें सभी योजनाओं की जानकारी हो। इस अवसर जिला पंचातय उपाध्यक्ष कान्ता रावत ने कहा कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि जिला पंचायत एक सशक्त ईकाई के रूप में आगे बढे और परिसम्पत्तियो के रखरखाव के साथ ही आय कैसे बढ़ सके। उन्होंने कहा कि सभी सदस्य अपने–अपने क्षेत्र की समस्याओं को सदन में रखे ताकि उन समस्याओं का निदान हो सके। इस प्रथम बैठक में नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों व समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा अपना परिचय दिया गया और सभी अधिकारियों द्वारा केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में सदन में उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया।

इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी केके पंत, पूर्व विधायक द्वाराहाट मदन सिंह बिष्ट, ब्लाक प्रमुख ताड़ीखेत हीरा सिंह रावत, जिला पंचायत सदस्य धनसिंह रावत सहित नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य व जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत राजेन्द्र सिंह कठैत ने किया।



जिला पंचायत की बैठक की अध्यक्षता करती जिलापंचायत अध्यक्ष।

## राहुल क्या कानून से ऊपर है: साध्वी प्राची

**श्रद्धांजलि**

हरिद्वार। **(संवाददाता)**

हैदराबाद में शरेआम डॉक्टर की बलात्कार के बाद कि गई नृशंस हत्या पर आज पूरे देश मे उबाल है। वही दूसरी तरफ संसद में साध्वी प्रज्ञा ठाकुर द्वारा दिये बयान को लेकर हो हल्ला हो रहा है। इन तमाम बातों पर मीडिया से हरिद्वार पहुचने पर बातचीत की विहिप की फायर ब्रांड नेत्री साध्वी प्राची ने। काफी दिनों से मौन रहने के बाद आखिरकार उनका मौन टूटा तो उन्होंने हिंदुस्तान के इतिहास में हुई तमाम राजनेताओ की हत्या का जिम्मेदार कांग्रेस और जवाहर लाल नेहरू सहित इंदिरा गांधी को बताया।

उन्होंने कहा कि हैदराबाद की घटना एक दुखद घटना है। निर्भया और अब प्रियंका रेड्डी की बलात्कार के निर्मम हत्या एक जघन्य अपराध है। उन्होंने कहा कि आज हिंदुस्तान की बेटिया तभी सुरक्षित रह सकेंगी जब उनके साथ तीन राम होंगे अर्थात उनके मुँह में राम,दिमाग मे नाथूराम और हाथ मे परशुराम होगा,तभी बेटिया सुरक्षित रह सकेगी। साध्वी प्राची ने राहुल गाँधी को भोंदू बताते हुए कहा कि एक साध्वी को आतंकवादी कह रहा है ,जिस साध्वी को अदालत ने बाइज्जत बरी कर दिया उसे आतंकवादी बता रहा है। राहुल कानून से बड़ा हो गया है क्या। उन्होंने प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी से मांगकी है कि इन सभी भी जाँच करवाए। उन्होंने कहा कि महात्मा गाँधी की हत्या एक षड्यंत्र के तहत करवाई गई है।




हैदराबाद की महिला डाक्टर को श्रद्धांजलि देते हुए साध्वी प्राची।

## 'सघन मिशन इन्द्रधनुष–2.0' का शुभारंभ



'सघन मिशन इन्द्रधनुष–2.0' के शुभारंभ अवसर पर बच्चे को ड्राप पिलाते हुए।

**संवाददाता** अल्मोड़ा। जिला महिला चिकित्सालय, अल्मोडा के परिसर में ''सघन मिशन इन्द्रधनुष–2.0'' कार्यक्रम का उद्घाटन उपाध्यक्ष, विधानसभा रघुनाथ सिंह चौहान, द्वारा किया गया। इस अवसर पर विस उपाध्यक्ष द्वारा जनपद के सभी बच्चों को पूर्ण प्रतिरक्षित करने हेतु स्वा0 विभाग के कर्मियों को कहा गया ताकि सभी बच्चें स्वस्थ एवं मजबूत हो सकें और देश को आगे बढाने में विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान दे सकें।